रविवार
14 जनवरी 2023
# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



भोजपुर में जाम से निपटने को चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान 2



## वुर्चअल मोड में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक

# नीतीश ने गठबंधन का संयोजक पद ठुकराया

- कांग्रेस पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष बनाया गया
- गठबंधन की ओर से अभी इस बारे में आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विपक्षी दलों के गठबंधन की शनिवार को वुर्चअल मोड में बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक बनाने का प्रस्ताव आया तो नीतीश कुमार ने इसे स्वीकार करने से इंकार कर दिया। नीतीश कुमार ने कहा कि कांग्रेस के किसी नेता को इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाया जाए। वहीं कांग्रेस पार्टी के मुखिया मल्लिकार्जुन खड़गे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष बनाया गया है। मीडिया रिपोर्टों में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। हालांकि विपक्षी गठबंधन की ओर से अभी इस बारे में आधिकारिक ऐलान किया जाना बाकी है।

सीएम आवास से बाहर निकलने के बाद मंत्री संजय झा ने बताया कि बैठक में नीतीश कुमार को संयोजक बनाने का प्रस्ताव आया, जिसपर नीतीश कुमार ने सहमति नहीं दी। नीतीश कुमार का शुरू से कहना है कि कांग्रेस को ही चेयरपर्सन बनना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नीतीश कुमार को संयोजक बनाने का प्रस्ताव डीएमके के नेता स्टालिन लेकर आए थे। बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, लालू यादव, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और एनसीपी नेता शरद पवार समेत अन्य दलों के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इस बैठक में 10 दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया।



### बड़े बेआबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले...



इंडिया गठबंधन की बैठक में नीतीश कुमार के संयोजक बनने से इनकार करने पर राजनीति शुरू हो गई है। बीजेपी ने नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मुझे ये बताइये कि संयोजक बनाए जाने का ऑफर सीरियस था क्या, अगर सीरियस था तो पहले क्यों दिया गया और यदि नॉन सीरियस नहीं था तो अभी क्यों दे रहे हैं। बीजेपी नेता ने मुस्कुराते हुए कहा कि इस वक्त मुझे एक मुहावरा याद आ रह है, बड़े बेआबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले। पत्रकारों ने इशारों इशारों में पूछा कि नीतीश कुमार के बीजेपी में शामिल होने के सवाल पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह आप मुझसे नहीं खुद उन्हीं से जाकर पूछिये।

### ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे बैठक में नहीं हुए शामिल

सीट शेयरिंग, गठबंधन का संयोजक बनाने समेत तमाम मुद्दों पर बातचीत के लिए इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाई गई थी। हालांकि इसमें ममता बनर्जी शामिल नहीं हुईं। उनकी ओर से कहा गया था कि उन्हें बैठक की जानकारी देर से मिली और उनके पहले से कई कार्यक्रम तय हैं। ऐसे में वे विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होंगी। इसके अलावा महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे भी वर्चुअली बैठक में नहीं जुड़े।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भी हुई बात:** बैठक में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भी चर्चा हुई. इससे पहले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को ट्वीट कर बताया था कि बैठक में 14 जनवरी से मणिपुर में शुरू होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में गठबंधन दलों की भागीदारी पर भी चर्चा होगी।

**बंगाल में सीट शेयरिंग को लेकर फंसा है पेंच:** भले ही ममता बनर्जी ने दूसरे कार्यक्रमों का हवाला देते हुए मीटिंग में आने से इनकार किया हो, लेकिन बंगाल में कांग्रेस और टीएमसी के बीच सीटों को लेकर जो टकराव देखने को मिल रहा है, वह किसी से छिपा नहीं है। टीएमसी बंगाल में कांग्रेस को 2 सीटें देने पर अड़ी है, जबकि कांग्रेस ज्यादा सीटें चाहती है। यही वजह है कि बंगाल में ममता की पार्टी के नेता और कांग्रेस नेता एक दूसरे पर खूब निशाना साध रहे हैं।

# एक से डेढ़ साल में 10 लाख नौकरी देने का वादा करेंगे पूरा: नीतीश

- पूरे बिहार में जिला मुख्यालयों पर समारोह आयोजित कर 96,823 नवनियुक्त शिक्षकों को प्रदान किया गया नियुक्ति पत्र
- सीएम बोले: राज्य के सभी पंचायतों में खोल रहे हैं उच्च माध्यमिक विद्यालय

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नवनियुक्त शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। गांधी मैदान में आयोजित इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सीएम ने उच्च माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 11-12), माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 9-10) एवं प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 1-5) के कुल 96 हजार 823 नवनियुक्त शिक्षकों में से 12 शिक्षकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक नियुक्ति के दूसरे चरण में नवनियुक्त शिक्षकों के इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में उपस्थित आप सभी लोगों का मैं अभिनंदन करता हूं। आज पटना के इस ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सीमित संख्या में 26,935 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ-साथ पूरे बिहार में जिला मुख्यालयों पर कुल 96,823 नवनियुक्त शिक्षकों के लिए नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। यह बड़ी खुशी की बात है कि आज जितने नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है उनमें 51 प्रतिशत महिलायें सम्मिलित हैं। शिक्षकों के जो शेष पद रिक्त हैं उनपर भी जल्द ही बहाली की जायेगी। हम चाहते हैं कि बच्चे बच्चियों का पठन-पाठन और अधिक बेहतर ढंग से हो।



मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के अलावा दूसरे राज्यों एवं देश से बाहर के लोग भी आकर बिहार में शिक्षक बने हैं, यह प्रसन्नता का विषय है। बिहार के लोग भी बाहर जाकर अलग-अलग प्रदेशों में एवं देश के बाहर नौकरी करते हैं इसलिए हमने शुरू में ही कहा था कि बिहार के अलावा बाहर के लोगों को भी यहां होनेवाली बहाली में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाएगा, इसको लेकर मेरी आलोचना भी हुई थी। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, झारखंड समेत कई दूसरे राज्यों के लोग बिहार में शिक्षक नियुक्त हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा एक से डेढ़ साल के अंदर हमलोग 10 लाख नौकरी और 10 लाख लोगों को रोजगार देने का वादा पूरा कर देंगे। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों में रिक्त पदों पर बहाली की जायेगी। इस प्रकार बिहार में 10 लाख से भी ज्यादा लोगों की बहाली होगी। हमलोग बिहार के सभी पंचायतों में उच्च माध्यमिक विद्यालय खोल रहे हैं। इसके लिए 2,768 नये विद्यालय भवन और 3,530 क्लास रूम का निर्माण कराया जा रहा है। इस मद में 7,530 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं।

## 14 जनवरी के बाद चली जाएगी नीतीश की सरकार: अशोक यादव

**पटना।** बीजेपी सांसद अशोक यादव ने कहा कि 14 जनवरी के बाद नीतीश की सरकार चली जाएगी। वह मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। नीतीश से कोई गठबंधन नहीं करेगा। वो अपने ही जाल में फंस गए हैं नीतीश के लिए बीजेपी के दरवाजे बंद हैं। प्रधानमंत्री बनने का सपना लेकर वो इंडिया गठबंधन में गए थे। लेकिन अब तो उनकी सीएम की कुर्सी जाने वाली है। अशोक यादव ने कहा कि जेडीयू नेता कह रहे हैं कि नीतीश को पीएम कैंडिडेट बनाया जाए, लेकिन उनको कभी नहीं बनाया जाएगा। आरजेडी के संपर्क में जेडीयू के कई सारे विधायक हैं। लालू यादव जेडीयू तोड़कर तेजस्वी को सीएम बनाएंगे। 'इंडिया' गठबंधन में नीतीश को संयोजक बनाने का भी प्रस्ताव किसी ने नहीं दिया। बीजेपी सांसद अशोक यादव के इस बयान से बिहार की सियासत एक बार गर्मा गई है।

# आधी आबादी की सुरक्षा, स्वावलंबन व सम्मान प्राथमिकता: योगी

- 1150 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुफ्त सिलाई मशीनों का वितरण
- जेके ग्रुप के सहयोग से महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने की अनूठी पहल

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आधी आबादी की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। महिलाओं को सुरक्षा का वातावरण देकर उनके स्वावलंबन और सम्मान के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। इनके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। यह बात उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कही। वह शनिवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के बैनर तले आयोजित मुफ्त सिलाई मशीन वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान में हुए समारोह में 1150 महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। साथ में सबको कंबल भी दिया गया। 12 बालिकाओं को सिलाई मशीन व कंबल सीएम योगी ने खुद अपने हाथों से प्रदान किए। उन्नत भारत ग्राम अभियान के मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को जेके ग्रुप कानपुर के सहयोग से मुफ्त सिलाई मशीन उपलब्ध कराने की यह अनूठी पहल महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना भारत को सशक्त और समर्थ नहीं बनाया जा सकता है। इसके लिए सुरक्षा का वातावरण देकर महिलाओं के स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करना होगा। सुरक्षा और स्वावलंबन से ही सम्मान का भाव प्रकट होगा। केंद्र व प्रदेश की सरकार इन तीनों पहलुओं पर पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है।



**दो संजीवनी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया:** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो संजीवनी वैन (मोबाइल मेडिकल वैन) को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वैन एसबीआई फाउंडेशन, एनएसडीएल एवं ग्रामीण विकास ट्रस्ट की संयुक्त पहल से उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर सीएम योगी ने बताया के इसमें से एक मोबाइल मेडिकल वैन चंदौली और सोनभद्र के जनजातीय क्षेत्रों में जाएगी जबकि दूसरी गोरखपुर के वनटांगिया, मलिन बस्तियों, मुसहर, थारू बाहुल्य गांवों तथा भारत-नेपाल सीमा के सुदूर गांवों में जाकर मेडिकल सुविधा प्रदान करेगी। इन मेडिकल मोबाइल वैन में अस्पतालों जैसी सभी सुविधाएं होंगी और इनमें डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती रहेगी।

### 22 के बाद सभी करेंगे श्रीरामलला के दर्शन

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी के बाद अयोध्या में श्रीरामलला के भव्य दर्शन के साथ नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की नई अयोध्या के दर्शन की व्यवस्था अलग अलग सभी लोगों के लिए कराई जाएगी।

# प. बंगाल के पुरुलिया में भीड़ ने तीन साधुओं को बेरहमी से पीटा

**एजेंसी/कोलकाता**

कुछ समय पहले उद्धव ठाकरे सरकार में महाराष्ट्र के पालघर की घटना ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी। यहां पर साधुओं की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इसी तरह की एक घटना पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में सामने आई है। यहां पर तीन साधुओं पर एक भीड़ ने हमला किया। इस हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। साधुओं को अपहरणकर्ता बताकर पीटा गया।

घटना की संवेदनशीलता देखते हुए पुलिस भी ऐक्शन में है और 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मूल रूप से बरेली के रहने वाले साधु पहले ओडिशा के पुरी गए और वहां से गुरुवार दोपहर पुरुलिया पहुंचे थे। वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि भीड़ तीन साधुओं को बेरहमी से पीट रही है। बताया जा रहा है कि तीनों साधु उत्तर प्रदेश के हैं और वे मकर संक्रांति पर गंगासागर मेले में जा रहे थे। काशीपुर में लोगों के एक समूह ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और फिर खूब पीटा।

इस मामले में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के शासन में राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

# श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने वाले विशिष्ट मेहमानों को उपहार में दी जाएगी रामरज

**केटी न्यूज/अयोध्या**

अयोध्या में नव निर्मित राम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों जोरों पर हैं। 22 जनवरी को होने वाले इस कार्यक्रम के लिए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से हजारों वीआईपी गेस्ट्स को इनवाइट किया गया है। समारोह में सम्मिलित होने वाले सभी मेहमानों को ट्रस्ट की ओर से उपहार भी दिए जाएंगे। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सभी मेहमानों को रामरज उपहार स्वरूप दी जाएगी। साथ ही उन्हें प्रसाद के रूप में देसी घी से बने विशेष मोतीचूर के लड्डू भी दिए जाएंगे।

### मंदिर प्रांगण में 7500 लोग करेंगे प्रवेश

अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में 7500 लोगों को मंदिर प्रागण में बिठाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जो भी विशिष्ट मेहमान अयोध्या आएगा, उसे रिसीव करने के साथ ही एक कोड दिया जाएगा। इस कोड के आधार पर उनके बैठने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि वाराणसी के पुजारी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न कराएंगे। उनके साथ 4 ट्रस्टी और 4 पुजारी भी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में बने पांच मंडपों में अलग-अलग सोशल कम्यूनिटी के 15 दंपत्ति भी उपस्थित रहेंगे। प्रांगण में ही पीएमओ भी स्थापित किया जाएगा।

**कुबेर टीला पर पक्षीराज जटायू की मूर्ति का अनावरण करेंगे पीएम मोदी:** गौरव दयाल ने बताया कि पीएम मोदी अयोध्या के श्रीरामजन्म भूमि परिसर में स्थित कुबेर नवरत्न टीला पर भी जाएंगे, जहां वो पक्षी राज जटायु की मूर्ति का भी अनावरण करेंगे। यह मूर्ति कांस्य की है। यह दिल्ली से बनकर आई है, जिसकी स्थापना का कार्य दिसंबर में हो चुका रहै। पीएम मोदी राम काज के लिए प्राणों की आहुति देने वाले हुतात्माओं की स्मृति के रूप में जटायु राज को पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे।

## आजमगढ़ में जोर शोर से चल रही है सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ की फिल्म की शूटिंग

# जुगल मास्टर जैसी फिल्मों से हमारा सिनेमा होगा समृद्ध : निरहुआ

**केटी न्यूज/आजमगढ़**

भोजपुरी सुपरस्टार और आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ इन दोनों अपनी आने वाली फिल्म ₹जुगल मास्टर₹ की शूटिंग में व्यस्त है। इस फिल्म की शूटिंग जोर शोर से आजमगढ़ के सिसवा गांव में चल रही है। फिल्म के निमार्ता अमित कुमार गुप्ता है और निर्देशक लालबाबू पंडित हैं जो कई सफल फिल्में बना चुके हैं। यह फिल्म एक ऐसे गरीब की कहानी पर आधारित है जो अपने लक्ष्य के लिए गरीबी की जंग से पूरी जीवंत से लड़कर आगे बढ़ता है और वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर के ही दम लेता है। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ मुख्य भूमिका में है। उनके अपोजिट रक्षा गुप्ता फीमेल लीड में नजर आ रही हैं। सभी फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित है और सेट पर अपना शत प्रतिशत दे रहे हैं।



वहीं फिल्म के सेट पर पत्रकारों से बातचीत में दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि यह एक अच्छी फिल्म बन रही है, जिसका निर्देशन एक अच्छे निर्देशक लालबाबू पंडित कर रहे हैं। फिल्म ₹जुगल मास्टर₹ की कहानी हर उसे गरीब को प्रेरित करने वाली है जो गरीबी में रहकर भी इससे निकलने का ख्वाब देखते हैं। इस फिल्म की कहानी से वैसे लोग प्रेरित होकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं और अपना भविष्य खुद लिख सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के निर्माण में थोड़ा वक्त लग गया क्योंकि मेरे पास कहीं प्रोजेक्ट्स है जिसको मैं क्रमवार पूरा कर रहा हूं। फिल्म ₹जुगल मास्टर₹ को लेकर इतना ही कहूंगा कि यह फिल्म जब भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी समस्त भोजपुरी समाज के लोग इसे देखें और अपना आशीर्वाद दें। निरहुआ ने फिल्म के लोकेशन को लेकर कहां की अभी हम उसे जगह शूटिंग कर रहे हैं, जहां जरासंध का सर आकर गिरा था। इसलिए मुझे लगता है कि इस गांव का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व भी हम है, जो दुनिया के सामने इस फिल्म के बाद आने वाली है।

वहीं लाल बाबू पंडित ने फिल्म को लेकर कहा कि फिल्म की शूटिंग भव्य पैमाने पर की जा रही है। इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ मुख्य भूमिका में हैं और उनके साथ काम करना बेहद सहज है। उनके अनुभव का पूरा सहयोग इस फिल्म को मिल रहा है जिससे हम सबों को विश्वास है कि हम एक शानदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच जाएंगे। फिल्म की कहानी फिल्म का मुख्य आकर्षण है साथ ही संवाद और गाने भी दर्शकों को अपनी ओर खींचते नजर आएंगे।



# अवैध संबंध के चक्कर में मारा गया था ट्रक चालक, मुख्य आरोपित गिरफ्तार

- नयका टोला हत्याकांड का खुलासा
- बगल के गांव की एक महिला के साथ था अवैध संबंध, मना करने के बाद भी कर रहा था बात

**केटी न्यूज/आरा**



जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला ट्रक चालक राकेश साह हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझा दी है। चालक की अवैध संबंध के चक्कर में हत्या की गयी थी। मुंबई से बुलाकर लाने के बाद उसको गोली मारी गयी थी। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वह उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गड़हा गांव निवासी शेखर कुमार है। उसके द्वारा हत्या की बात स्वीकार की गयी है। हालांकि गोली मारने वाले सहित दो आरोपित अभी फरार चल रहे हैं। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बुधवार की सुबह नयका टोला में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण एकौना गांव निवासी दिनेश शाह के पुत्र राकेश साह की कार सवार लोगों द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। मामले की छानबीन और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। सीसीटीवी फुटेज से आरोपितों की पहचान की गयी। छानबीन में अवैध संबंध की बात सामने आ रही थी। एक ऑडियो भी मिला था, जिससे अवैध संबंध की पुष्टि हो रही थी। उस आधार पर टीम द्वारा उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव से मुख्य आरोपित शेखर कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने हत्या करने की बात स्वीकार की है।

## महज 500 रुपए के खातिर युवक की हुई थी हत्या, गिरफ्तार

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा-बसंतपुर गांव में महज पांच सौ रुपए की खातिर मोहन सिंह की हत्या का पुलिस द्वारा खुलासा कर दिया गया। हत्या के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह बारा-बसंतपुर गांव निवासी स्व वकील महतो का पुत्र अजय महतो है। पुलिस की पूछताछ में उसने अकेले ही मोहन की हत्या करने की बात स्वीकार की है। बताया कि गला दबाने के बाद उसने नाखून से ही उसकी आंखें फोड़ दी थी। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात बारा बसंतपुर गांव में मजदूरी के महज पांच सौ रुपए के विवाद में मोहन सिंह नामक युवक की हत्या कर दी गयी थी। उसे लेकर उसके चाचा विनोद सिंह द्वारा पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसके बाद हत्या के कारणों का खुलासा और आरोपितों की गिरफ्तारी को टीम गठित की गयी थी। टीम की ओर से शुक्रवार की शाम नगर थाने के गांगी तिराहे से मुख्य आरोपित अजय महतो को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी के अनुसार पूछताछ में अजय महतो ने बताया कि मजदूरी के पांच सौ रुपए का विवाद था।

### भोजपुर एसपी ने फेसबुक लाइव संवाद में आम लोगों को दिया आश्वासन

# जाम से निपटने को चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान, ट्रेंड जवान होंगे तैनात

- एसपी बोले: आरा-छपरा फोरलेन के महाजाम से निपटने को पटना और सारण के अफसरों के साथ मंथन

**केटी न्यूज/आरा**



समस्या आपकी, समाधान हमारा कार्यक्रम के तहत भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव शनिवार को फेसबुक लाइव के जरिए आम लोगों से रूबरू हुए। उस दौरान उन्होंने आम लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान का प्रयास किया। साथ ही बेहतर पुलिसिंग को लेकर पब्लिक का सुझाव भी लिया। फेसबुक लाइव के दौरान ट्रैफिक जाम का मुद्दा छाया रहा है। आरा से लेकर पीरो, बिहिया और जगदीशपुर तक के लोगों की ओर से जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया।

पीरो के राहुल कुमार, आर्यन और अरविंद प्रताप की ओर से लोहिया चौक पर जाम की समस्या उठायी। कहा गया कि अतिक्रमण और बालू लदे ट्रकों के आवागमन के कारण जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। शहर के सिंडिकेट इलाके में भी जाम का मामला उठा। उस पर एसपी ने कहा कि बिहिया, पीरो जगदीशपुर और नयका टोला सहित अन्य जगहों पर जाम की समस्या से निजात को लेकर जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। सभी जगहों पर अतिरिक्त ट्रेंड जवान तैनात किए जा रहे हैं। बालू लदे ट्रकों के दिन में परिचालन को कंट्रोल किया जा रहा है। संजय सिंह की ओर से आरा छपरा फोरलेन पर महाजाम की समस्या से अवगत कराया गया। उस पर एसपी द्वारा बताया गया कि फोरलेन पर जाम से निपटने के लिए प्लान तैयार किया गया है। उसके लिए पटना और सारण के अफसरों के साथ जल्द ही बैठक की जायेगी। उसके बाद कार्रवाई शुरू की जायेगी। रूबी पांडेय द्वारा कोईलवर-चांदी-धनडीहां रोड पर वन-वे लागू करने की मांग की गयी। ताकि स्कूली बच्चों के आवागमन में परेशानी नहीं हो। इधर, सिद्धांत जैन की ओर से जेल रोड सहित शहर के अन्य इलाकों में तेज रफ्तार में बाइक चलाये जाने का मुद्दा उठाया गया। कहा गया बुलेट और अपाची जैसी बाइक की रेस लगी रहती है। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। उस पर एसपी ने तत्काल कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। कुछ लोगों की ओर से शराब और हेरोइन बिक्री का मुद्दा उठाया गया। नैना सिंह राजपूत की ओर से सुरक्षा की मांग की गयी। कहा गया कि आवेदन देने के बाद भी नगर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### अपराध और हादसों की रोकथाम को लेकर बन रहा विशेष प्लान

फेसबुक लाइव संवाद में आरा पेज, शहर के राहुल कुमार और रवि कुमार की ओर से जिला स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का सुझाव एसपी को दिया गया। ताकि किसी भी घटना-दुर्घटना की पुलिस को तत्काल सूचना दी जा सके। उसकी प्रशंसा करते हुए एसपी ने कहा कि फिलहाल थानास्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बना हुआ है। पुलिस की मदद करने वाले युवा इस ग्रुप से जुड़ सकते हैं। बाद में जिलास्तर पर भी व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस युवा पीढ़ी के साथ मिलकर अपराध और हादसों की रोकथाम को लेकर विशेष प्लान तैयार कर रही है। उससे आम लोग खासकर युवा पीढ़ी को जोड़ा जायेगा। उसके जरिए लोग पुलिस को मदद कर सकते हैं। किसी तरह की घटना की सूचना देने पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी।

### महिलाओं की सुरक्षा को थानास्तर पर बनेगा व्हाट्सएप ग्रुप

एसपी ने कहा कि नये साल में पुलिस की ओर से कुछ संकल्प लिये गये हैं। उसके तहत लोगों की नमी सेवाओं का लाभ देना और सुरक्षा प्रदान करना है। खासकर महिलाओं की सुरक्षा पर काफी फोकस है। उसके लिए थाना स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जा रहा है। उसमें क्षेत्र की कामकाजी सहित अन्य महिलाओं को जोड़ा जायेगा। उसके जरिए महिलाएं हर तरह की समस्याओं से पुलिस को अवगत करा सकती है। पुलिस की ओर से उस पर तत्काल कार्रवाई की जायेगी। उसके अलावा हर थाने महिला हेल्प डेस्क एक्टिव होगा। फिलहाल 25 थानों में महिला हेल्प डेस्क काम कर रहा है। इस साल सभी थानों में उसे शुरू कर दिया जाएगा। हेल्प डेस्क में थाने की महिला अधिकारी व सिपाही पीड़ितों की समस्याएं सुनेंगे और समाधान करेंगी। ताकि महिलाएं बेहिचक अपनी समस्याओं से अवगत करा सके। एसपी ने बताया कि इस साल सभी थानों में डायल 112 सेवा भी शुरू करने का लक्ष्य है।

## खबरें फटाफट

### टॉफी देने के बहाने बच्ची से दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। टॉफी और पैसे देने के बहाने घर से बुलाकर बच्ची के साथ एक युवक द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना तीन जनवरी की शाम की है। आरोप पड़ोस के ही राजा नामक एक लड़के पर लगा है। इस मामले में बच्ची की मां के बयान पर महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस की ओर से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राथमिकी के अनुसार तीन जनवरी की शाम बच्ची अपने घर के सामने खेल रही थी। तभी सामने के मकान में रहने वाले राजा सिंह नामक लड़का द्वारा उसे बुलाया गया। उसके बाद टॉफी और पैसे देने का लालच बच्ची को राजा अपने घर ले गया। वहां उसके साथ गलत काम किया। लड़के द्वारा बच्ची के गुप्तांग में अंगुली डाल दिया गया। उससे बच्ची के अंग से खून बहने लगा। तब बच्ची रोने लगी। उसके बाद लडके द्वारा उसे भगा दिया गया। तब बच्ची घर लौटी और मां को जानकारी दी। उसके बाद महिला थाने में शिकायत दर्ज करायी गई। उस आधार पर कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष अंशु कुमारी की ओर से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया।

### अंबा थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने अंबा थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। हालांकि, अभी किसी नए थानाध्यक्ष की तैनाती नहीं की गई है। लेकिन फिलहाल अतिरिक्त प्रभार नवीनगर सर्किल इंस्पेक्टर बिरेन्द्र यादव को दिया गया है। जानकारी के अनुसार तत्कालीन थानाध्यक्ष करीब 16 महीने बाद अपने कर्तव्य में लापरवाही से हटाएं गए। इन्हें चर्चित हत्याकांड सुजीत मेहता के बाद थाना क्षेत्र में विधी व्यवस्था कायम रखने को लेकर थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली थी।

# बिजली बिल से जुड़ी शिकायतों को दूर करे विभाग: सांसद

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**




ज़िला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार को योजना भवन सभागार में सांसद सह अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें विभिन्न विभागों के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर चर्चा की गई। जिसमें कृषि, विद्युत, सड़क, स्वास्थ्य, मनरेगा, आवास, खाद्य आपूर्ति आदि जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे पर विमर्श किया गया। बैठक में औरंगाबाद जिले में इस वर्ष सुखाड़ से प्रभावित परिवारों को अनुग्रह अनुदान भुगतान की जानकारी ली गई। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि नैनो यूरिया संबंधित जानकारी लोगों में फ्लेक्स और होर्डिंग के माध्यम से बढ़ाया जाए। इसके पश्चात सोन उच्च स्तरीय कैनाल, नॉर्थ कोयल कैनाल, बटाने शीर्ष कैनाल, बतरे कैनाल एवं अन्य नहरों में पानी की उपलब्धता की समीक्षा की गई। कार्यपालक अभियंता, सोन उच्चस्तरीय कैनाल ने बताया कि गेहूं पटवन हेतु कैनाल में पानी खोल दिया गया है। अध्यक्ष ने लघु सिंचाई विभाग को असिंचित इलाकों पर फोकस करने का निर्देश दिया। अध्यक्ष ने जिन वार्डों में चापाकल एवं नल जल योजना कार्यरत नहीं है अथवा मरम्मती की आवश्यकता है उन्हें अविलंब कार्यरत कराने का निर्देश दिया। औरंगाबाद विधायक आनंद शंकर सिंह द्वारा निर्देश दिया गया कि जिन स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था नहीं है वहां चापाकल की व्यवस्था की जाए।

विद्युत विभाग की समीक्षा के क्रम में अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों द्वारा बताया गया कि जिले के कई उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल बढ़कर आने की शिकायत आ रही है। इसके नियंत्रण करने हेतु मैकेनिज्म विकसित करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में विधायकों द्वारा सिविल सर्जन से सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की अनुपस्थिति से संबंधित शिकायत किया गया। विधायकों द्वारा सरकारी अस्पतालों में बायोमेट्रिक उपस्थिति करने पर भी जोर दिया गया।

### निर्विरोध ज़िला पार्षद बनीं पूनम ने ली शपथ

**औरंगाबाद।** बिहार पंचायत उप चुनाव में निर्विरोध ज़िला पार्षद चुनी गई पूनम देवी का ज़िला पार्षद सदस्यों ने शपथ ग्रहण करवाया। मौके पर पूनम देवी ने क्षेत्र संख्या 26 के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े विभिन्न विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना पहली प्राथमिकता होगी। विदित हो कि इसके पुर्व पूनम देवी के दिवंगत पति शशि भूषण शर्मा ज़िला पार्षद थे। लेकिन उनके निधन के उपरांत क्षेत्र संख्या 26 रिक्त था। नवनिर्वाचित ज़िला पार्षद को बधाई देते हुए सदस्यों ने कहा कि वे अपने क्षेत्र में एक जागरूक व सफल ज़िला पार्षद के रूप में कामयाब हों।

## एक नजर

### बेलगाम यात्री बस ने बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को रौंदा, एक की मौत

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुनीपुर मोड़ के पास शनिवार की दोपहर बेलगाम यात्री बस ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे में उसका चचेरा भाई जख्मी हो गया। मृत युवक संदेश थाना क्षेत्र के बिछिआंव गांव निवासी राजेश सिंह का 27 वर्षीय पुत्र जय प्रकाश सिंह था। वह पेशे से किसान था। जख्मी उसी गांव के निवासी शिव पुकार सिंह का 24 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार भाग रही बस चालक को गिरफ्तार कर लिया। बस को भी जब्त कर लिया गया है। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इधर, राजेश सिंह ने बताया कि शनिवार की दोपहर उनका पुत्र जय प्रकाश सिंह चचेरे भाई रमेश कुमार के साथ संक्राति के मौके पर दही लेकर बुआ के घर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जयनगर गांव जा रहा था। उस दौरान बेलाउर बंगाल स्थित रघुनीपुर मोड के समीप तेज रफ्तार एक बस ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। उससे जय प्रकाश सिंह की मौके पर पर ही मौत हो गई, रमेश कुमार आंशिक रूप से जख्मी हो गया। बताया जाता है कि जय प्रकाश सिंह अपने दो भाई और दो बहनों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी प्रतिमा देवी, पुत्र किशु कुमार,अंकुश कुमार और पुत्री सुमन कुमारी है।

### यात्री से भरी बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी

**मखदुमपुर।** शनिवार को अहले सुबह टेहटा बाईपास पर अनियंत्रित होकर एक बस सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में किसी के कोई हताहत की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के छिंनवाड़ा से दो बस में सवार होकर एक सप्ताह पूर्व तीर्थ यात्रा पर श्रद्धालु निकले थे काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर कई तीर्थ स्थलों पर पूजा अर्चना कर शनिवार को जहानाबाद होते हुए गया जाने के दौरान टेहटा बाईपास के समीप अनियंत्रित होकर यात्री से भरी बस गड्ढे में जा गिरी। बस ड्राइवर ने बताया के सड़क पर अचानक एक बाइक चालक बाइक लेकर बस के सामने आ गया, उसी को बचाने के कारण बस अनियंत्रित हो गए और गड्ढे में जा गीरा, उन्होंने बताया के बस में 40 से 45 पैसेंजर सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। एक दो पैसेंजर को ही हल्की-फुल्की छोटे आई हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्र की मौत

**औरंगाबाद ।** अज्ञात वाहन कि चपेट में आने से 12 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गयी। घटना रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के पांडेय कर्मा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की शाम का है। छात्र की पहचान गया जिले के गुरूआ थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी उपेंद्र रविदास के पुत्र नीतीश कुमार के रूप मे हुई है। शनिवार की दोपहर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के पिता उपेंद्र रविदास ने बताया कि नीतीश बचपन से ही कासमा थाना क्षेत्र के पांडेय कर्मा गांव में अपने फुआ के घर रहकर पढ़ाई करता था। शुक्रवार की शाम कोचिंग करने कासमा बाजार गया था। वापस लौटने के दौरान पांडेय कर्मा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों कि भीड़ जुट गयी। कुछ लोगों द्वारा घटना की सूचना परिजनों को दी गयी। घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में नीतीश को जिंदा समझकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज ले गये, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत कि खबर सुनते ही परिजन शव से लिपटकर चित्कार उठे।

### अविश्वास प्रस्ताव की बैठक में शामिल होने से रोकने के लिए वार्ड सदस्य के ससुर का अपहरण

**औरंगाबाद।** बन्देया थानाक्षेत्र के मलहद पंचायत के वार्ड सदस्या के ससुर ने अपहरण के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में सुग्गी गांव निवासी सह वार्ड नं 12 की वार्ड सदस्या पुष्पा देवी के ससुर राजेन्द्र चौधरी ने आरोप लगाया है कि बीते 11 जनवरी को उपमुखिया के अविश्वास प्रस्ताव की विशेष बैठक में मेरी बहु पुष्पा देवी को शामिल नहीं होने को लेकर एक साजिश के तहत मुझे चपरा गांव निवासी मंटू यादव व बेला निवासी मनोज चौरसिया ने हमे तीन दिन से छुपाकर पंचानपुर में रखा। आरोप है कि इस दौरान गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी दी गई। थानाध्यक्ष दिनेश पासवान ने बताया कि राजेन्द्र चौधरी के ब्यान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### औरंगाबाद में जाम की समस्या से निपटने के लिए एसपी ने बनाई योजना, तैनात होंगे जवान

**औरंगाबाद।** शहर में हमेशा ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ाई रहती है, जिसके चलते शहर में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके चलते जहां वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एक तरफ वाहनों की अवैध पार्किंग तो दूसरी यातायात जाम की समस्या के चलते लोगों को अप्रोच रास्तों से लंबा रास्ता तय कर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है। जिसके मद्देनजर शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद अब तेज हो गई है। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने कहा कि शहर में जाम की समस्या को दूर करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसमें लोगों की भी भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस बलों की कमी से शहर में जाम की समस्या होती है। बीते दिनों 269 जवानों की पीटीसी लिखित परीक्षा संपन्न हुई है जिसमें अतिरिक्त बल को ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगाया जाएगा।

# सम्मान देनेवालों का देंगे साथ: भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट के तत्वावधान में कृष्णा गार्डन के प्रांगण में सर गणेशदत्त जयंती सह जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार एवं कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में नरहट स्थान के पूज्य महंत स्वामी रंगनाथाचार्य एवं प्रसिद्ध संत स्वामी रामायनाचार्य मौजूद रहे। अजीत कुमार ने कहा कि समाज के सम्मान की पुनः प्राप्ति के लिए हम सभी को सर गणेशदत्त के पदचिन्हों पर चलना होगा। जिन्होंने न केवल एक बिरादरी के लिए बल्कि सर्वसमाज के शिक्षा के उत्थान के लिए काम किया। वहीं संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने कहा कि समाज को विचार करना चाहिए। किसी भी स्थिति में अंधभक्ति या अंधविरोध समाज के लिए घातक है। हमारा स्टैंड तो साफ होना चाहिए कि जो हमारा सम्मान करेगा हम उसका साथ देंगे। वहीं पूज्य महंत स्वामी रंगनाथाचार्य ने स्वयमेव मृगेंद्रिताः का संदेश देते हुए समाज को एकजुट होकर रहने और अपनी ताकत पहचानने की बात की। सुप्रसिद्ध संत स्वामी रामायणाचार्य ने कहा कि दूसरे की चिरौरी करने के बजाय खुद में ताकत को समेटकर उस ऊर्जा को सकारात्मकता के साथ उपयोग करने की जरूरत है।






# पैक्सो की जांच में लक्ष्य के अनुरूप नहीं हुई धान खरीद, डीएम नाराज

- धान खरीद का लक्ष्य पूरा करने का डीएम ने दिया निर्देश
- पैक्सों की लापरवाही से किसानों की मेहनत पर फिर रहा है पानी

**केटी न्यूज/बक्सर**



शनिवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने सिकठी पैक्स, बन्नी पैक्स एवं कैथहरकलां पैक्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि अब तक लक्ष्य से धान की कम खरीदारी हुई है। जिस पर डीएम काफी नाराज हुए। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी को लक्ष्य के अनुसार सभी पैक्सों के माध्यम से धान की खरीद कराने को कहा। डीएम ने कहा कि किसानों की मेहनत पर पैक्सो की लापरवाही के चलते पानी फिर रहा है। समय से धान की खरीद नहीं होने से किसानों को काफी नुकसान होगा। उन्होंने डीएसओ से कहा कि किसानों की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। सभी पैक्सो में ससमय धान खरीद का लक्ष्य पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी लगातार मॉनिटरिंग होनी चाहिए तथा गड़बड़ी करने तथा किसानों से धान खरीद में भेदभाव करने वाल पैक्सो पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। डीएम ने कहा कि पैक्सो की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी मेहनत की कमाई मिलनी चाहिए।

## औने पौने दाम में धान बेचने को मजबूर होते हैं किसान

बता दें कि बक्सर जिले में धान का बेहतर उत्पादन होता है। लेकिन बाजार के अभाव तथा पैक्सो की मनमानी के कारण सरकारी स्तर पर समय से धान खरीद नहीं होने से किसान अपने धान को औने पौने दामों में बेचने को मजबूर होते है। पैक्स संचालक कभी नमी का बहाना तो कभी बोरा नहीं होने की बात कह किसानों को टालते रहते है। जिससे मजबूर हो किसान अपना धान साहूकारों के हाथों औने पौने दामों पर बेचने को मजबूर होते है। किसानों की माने तो हाड़ तोड़ मेहनत तथा प्रकृति की मार के बाद किसानों को पैक्सों की मनमानी का शिकार होना पड़ता है। यह किसी एक साल की नहीं बल्कि हर साल की कहानी है। बता दें कि बक्सर में उत्पादित धान अपने गुणवत्ता के लिए दूर दूर तक विख्यात है। यही कारण है कि दूसरे प्रदेशों के चावल व्यवसायियों में यहां के धान की डिमांड अधिक रहती है। दूसरे प्रदेशो के व्यवसायी धान की कटनी के पहले ही सक्रिय हो जाते है। पैक्सो की उदासीनता तथा बाहरी व्यवसायियों की रूचि का फायदा दलाल उठाते है तथा किसानों को नगद राशि दिलाने का लालच दे उनके धान को समर्थन मूल्य से काफी कम में खरीद उसे व्यवसायियों को बेच मोटा मुनाफा कमाते है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण इस पर लगाम नहीं लग पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

## एक नजर

### सीएम को पत्र लिख डुमरांव को जिला बनाने की मांग

**डुमरांव।** डुमरांव जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश सिंह, महासचिव मिथिलेश राय व संगठन सचिव अमित कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिख डुमरांव को जिला बनाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को दिए पत्र में इनलोगों ने बताया है कि चार प्रखंड वाले अरवल तथा शिवहर को जिला बनाया गया है। लेकिन डुमरांव सात प्रखंडों वाला अनुमंडल है, इसे अबतक जिला नहीं बनाया गया है। डुमरांव जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री को दिए पत्र में यह भी बताया कि इसके लिए वर्षों से संघर्ष किया जा रहा है तथा डुमरांव जिला बनने की अहर्ता रखता है। वही राज्य सरकार द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव से पहले डुमरांव को जिला नहीं बनाने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

### शराब के साथ बलेनो कार जब्त, तस्कर फरार

**बक्सर।** औद्योगिक थाने की पुलिस ने शुक्रवार की मध्य रात्रि एनएच 922 पर पड़री गांव के पास से शराब लदी एक बलेनो कार को जब्त किया है। कार से विभिन्न ब्रांड के 241 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। जबकि तस्कर पुलिस को देखते ही कुछ दूर पहले कार रोक फरार हो गया। कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त था। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उक्त कार कहीं दुर्घटनाग्रस्त भी हुई थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए औद्योगिक थानाध्यक्ष राजेश कुमार मालाकार ने बताया कि शुक्रवार की रात पुलिस एनएच 922 पर गश्त कर रही थी। तभी आरा की तरफ से एक बलेनो कार आती दिखाई दी। पुलिस टीम उसे रोकने के लिए बीच सड़क पर आ गई, लेकिन पुलिस को देखते ही कार चालक कुछ दूर पहले कार रोक फरार हो गया। कार की तलाशी लेने पर विभिन्न ब्रांड के 241 लीटर शराब मिला है।

### 200 जरूरतमंदों के बीच वितरित किये गर्म कपड़े



**डुमरांव।** समाजसेवी व राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका ओम ज्योति भगत ने शनिवार को 200 जरूरतमंदों के बीच स्वेटर, टोपी, गुलवंद जैसे गर्म कपड़े का वितरण किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से ठंड काफी बढ़ गई है। ऐसे में कई जरूरतमंद ऐसे हैं, जिनके पास ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं हैं। इसे देखते हुए ही यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सेवा करना मेरा धर्म है। उन्होंने कहा कि समाज के मजबूत लोगों को जरूरतमंदों की हर समय सहायता करनी चाहिए। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संघचालक वीरेन्द्र राय, राष्ट्र सेविका समिति की जिला संपर्क प्रमुख बबीता सोनी, नगर संपर्क प्रमुख सुनीता राय, नगर व्यवस्था प्रमुख सीमा मिश्रा, शिवजी कसेरा समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### भारत की आत्मा हैं श्रीराम, जो राम का नहीं वह किसी भी काम का नहीं : अश्विनी चौबे

**बक्सर।** केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि राम केवल दो शब्द नहीं है। इसमें भारतवर्ष की संपूर्ण संस्कृति सन्निहित है। भारत की आत्मा श्रीराम हैं। जो राम का नहीं वह किसी भी काम का नहीं। केंद्रीय राज्यमंत्री चौबे शनिवार को बिहार के मिथिला, अंग व शाहाबाद क्षेत्र में निकले श्रीराम अभ्युदय यात्रा एवं श्रीराम आविर्भाव यात्रा को लेकर अयोध्या धाम पहुंचे। इसके पहले रामरेखा घाट पर बाबा रामेश्वर नाथ कि पूजा अर्चना की। इस मौके पर अंग क्षेत्र के यात्रा प्रभारी अर्जित शाश्वत चौबे, अविरल चौबे एवं मिथिला क्षेत्र दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर, बिहार विधान परिषद में विरोधी दल के नेता हरि सहनी, भारतीय जनता पार्टी बक्सर के जिला अध्यक्ष विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालु उपस्थित थे। रामरेखा घाट से रथ यात्रा निकली जिसे जगह-जगह स्वागत किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि बक्सर से भगवान श्री राम का अभ्युदय यात्रा प्रारंभ हुआ था। यह हम सभी बिहार वासियों के लिए सनातनियों के लिए गौरव का विषय है। आज भगवान श्री राम के बिहार में जहां चरण पड़े वहां से मिट्टी एवं गंगा जल लेकर अयोध्या धाम पहुंच रहा है। साथ ही बिहार के प्रमुख मंदिरों से भी जल एवं मिट्टी एकत्रित किया गया है। बिहार में अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशेष उत्सव और माहौल कायम है।

## खबरें फटाफट

### इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजर के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट

**बक्सर।** शनिवार को जिला उपभोक्ता आयोग ने अपने आदेश का अनुपालन नहीं करने पर एक बीमा कंपनी के मैनेजर को गिरफ्तार करने के लिए गैर जमानतीय वारंट जारी किया है। वारंट जारी करने के बाद बक्सर तथा भोजपुर एसपी को उक्त मैनेजर को 2 फरवरी तक गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से बक्सर के शिवपुरी निवासी राजीव रंजन पांडेय ने इस कंपनी से अपने जीप का बीमा करवाया था। बीमा अवधि में ही इनकी जीप 21 मार्च 2015 को सामान सहित भभुआ के पास से चोरी हो गई थी। इस संबंध में उन्होंने भभुआ थाना में कांड संख्या 46/2015 दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच में घटना को सत्य और सूत्रहीन पाया था। इसके बाद पीड़ित ने कागजातों को बीमा कंपनी में जमा किया था लेकिन कंपनी ने बीमा की राशि का भुगतान नहीं किया। तब उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई। जहां आयोग ने बीमा की राशि के साथ-साथ परिवादी को हुई क्षति संबंधित राशि को भुगतान करने का आदेश सुनाया था। लेकिन बीमा कंपनी आयोग के इस आदेश का अनुपालन नहीं किया। इस पर फोरम ने संज्ञान लिया।

## डीएम के निरीक्षण में मध्य विद्यालय सिकठी में गायब मिले पांच शिक्षक

# साहब छुट्टी पर, गुरुजी की मौज

- गायब शिक्षकों से स्पष्टीकरण पूछने और के वेतन काटने का निर्देश
- स्कूलों से उपस्थिति के अनुसार 40 फीसदी छात्र-छात्राएं मिले कम

**केटी न्यूज/बक्सर**





शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के छुट्टी पर जाते ही सरकारी स्कूलों के शिक्षक लापरवाह हो गए है। अब उनमें पहले जैसा खौफ भी नहीं है। शनिवार को डीएम ने मध्य विद्यालय सिकठी का निरीक्षण किया। इस दौरान यह देखने को भी मिला। विद्यालय में कार्यरत कुल 9 शिक्षकों में पांच गायब थे। उनके संबंध में पूछने पर प्रधानाध्यापक भी कोई ठोस जबाव नहीं दे सकें। जिससे नाराज डीएम ने सभी पांच शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने के साथ ही उनसे स्पष्टीकरण पूछा है। संतोषजनक जबाव नहीं मिलने पर उनपर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वही निरीक्षण के दौरान बच्चों की संख्या भी काफी कम पाई गई। जिस पर डीएम काफी सख्त हुए तथा प्रधानाध्यापक से कार्य संस्कृति में सुधार लाने व बच्चों की 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चि कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिशन का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार करोड़ो रुपए खर्च कर रही है। वही स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति तथा ठहराव बढ़ाने के लिए लगातार निर्देश दिया जाता है। इस कड़ी में हाल ही में यह नियम भी लागू किया गया कि 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले स्कूलों के प्रधानाध्यापक का वेतन बंद किया जाएगा। लेकिन शनिवार को डीएम जब मध्य विद्यालय सिकठी में निरीक्षण करने पहुंचे तो किसी भी कक्षा में पचास प्रतिशत छात्र भी मौजूद नहीं थे। मिली जानकारी के अनुसार डीएम के निरीक्षण में वर्ग एक में 33 बच्चों का नामांकन था, लेकिन मात्र 15 छात्र ही उपस्थित थे, वर्ग तीन में 30 नामांकित छात्रों में 13 छात्र, वर्ग चार एवं पांच में 26 नामांकित में आठ छात्र मौजूद मिले। छात्रों की कम उपस्थिति देख डीएम नाराज हुए। उन्होंने प्रधानाध्यापक को छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया वहीं डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी को अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण पूछने तथा उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया। वहीं बच्चों की कम उपस्थिति के संबंध में प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया।

### अपर मुख्य सचिव के जाने का दिख रहा है असर

शिक्षा विभाग का अपर मुख्य सचिव बनते ही कड़क मिजाज आईएएस अधिकारी केके पाठक ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिशन को धरातल पर उतारने के लिए कई कड़े कदम उठाए। इस दौरान उन्होंने स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग कराने के साथ ही बच्चों की उपस्थिति तथा उनके ठहराव के लिए कई कारगर कदम उठाए। स्कूलों का संचालन भी सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक किया गया। उनके अपर मुख्य सचिव रहते शिक्षक निर्धारित समय तक स्कूलों में जमे रहते थे। शिक्षकों में उनका खौफ इस कदर था कि एक भी शिक्षक स्कूल से गायब नहीं मिलता था। लेकिन पिछले दो तीन दिनों से शिक्षक लापरवाह हो गए है। जानकारों की मानें तो अब फिर से शिक्षक तीन बजे के पहले स्कूल छोड़ दे रहे है। शिक्षकों के इस रवैये का असर छात्रों की उपस्थिति पर पड़ रहा है।

### शीतलहर का असर: 16 तक बंद रहेगा वर्ग आठ तक की कक्षाओं का संचालन

**बक्सर।** जिलें में बढ़ते ठंड, तापमान में आई गिरावट एवं शीतलहर से बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने 16 जनवरी तक वर्ग एक से आठ तक के कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगा दी है। वही नौवी कक्षा से उपर के छात्रों की कक्षाएं सुबह 10 बजे से शाम 3.30 तक संचालित होंगे। इस दौरान सभी शिक्षक निर्धारित समय तक स्कूलों में बने रहेंगे। वही दक्ष तथा मैट्रिक परीक्षा की तैयारी के लिए चल रहा विशेष क्लास इससे अछूता रहेगा। डीएम का यह आदेश जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों पर लागू रहेगा। बता दें कि पिछले एक सप्ताह से बक्सर जिला प्रचंड शीतलहर की चपेट में है। स्कूलों में छुट्टी नहीं होने से बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ रहा था।

**स्कूल परिसर में ही बेहोश हो गिर गया बच्चा:** शनिवार को प्राथमिक विद्यालय महरौरा का एक छात्र ठंड की चपेट में आ अचानक बीमार हो गया। वह स्कूल परिसर में ही बेहोश हो गिर गया। जिसके बाद शिक्षकों के हाथ पांव फूलने लगे। शिक्षकों ने आनन फानन में जरूरी प्राथमिक इलाज व सीआरपी देने के बाद उक्त छात्र को उसके घर पहुंचाया। जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय महरौरा में शनिवार को चेतना सत्र के बाद कक्षाओं का संचालन हो रहा था। इसी दौरान वर्ग तीन का एक छात्र किस्मत कुमार पिता उमेश कुमार बेहोश हो कक्षा में ही गिर गया।

# विकसित भारत संकल्प रथ का भव्य स्वागत

- केसठ, रामपुर, कतिकनार पंचायत में कार्यक्रम आयोजित
- लोगों को लाभकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**केटी न्यूज/केसठ**



केसठ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प रथ का केसठ में भव्य स्वागत किया गया। इसको लेकर भाजपा कार्यकताओं में काफी उत्साह देखा गया। रथ के प्रखंड की सीमा में प्रवेश करते ही सैकड़ो भाजपा कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। क्षेत्र के केसठ, रामपुर एवं कतिकनार पंचायत में रथ के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केसठ में कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रतन राउत ने व संचालन उपाध्यक्ष नंदजी यादव ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला प्रवक्ता नवीन राय एवं कमलेश सिंह उर्फ रिंकू सिंह मौजूद थे।

इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केन्द्र सरकार की लाभकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना तथा उसकी मॉनिटरिंग है। पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा विनय कुमार ने स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। भाजपा के जिला प्रवक्ता ने कहा कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन, नैनो यूरिया, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएम आवास योजना, विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, अंत्योदय योजना, उज्वला योजना समेत दर्जनों योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसके बारे में लोगों को जानकारी विस्तार से दी गई। इसके अलावा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंकों से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं लाभों के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर जालिम दुबे, पिंकू दुबे, राणा प्रताप सिंह, डिंपू सिंह, धीरज पाठक, शिवाजी सिंह, समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# निर्वाचन आयोग ने हॉर्स ट्रेडिंग मामले की जांच का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने वाली गायघाट पंचायत की बीडीसी मंगरी देवी तथा उनके पति ददन यादव की मुश्किलें बढ़ सकती है। प्रमुख प्रतिनिधि दुर्गा चरण मिश्र ने अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के बाद बीडीसी मंगरी देवी के पति ददन यादव पर पंचायत समिति सदस्यों के खरीद फरोख्त का आरोप लगा स्थानीय थाना, डीएम, राज्य निर्वाचन आयोग तथा निगरानी विभाग को पत्र लिखा था।

पत्र में उन्होंने कुल सात बीडीसी सदस्यों के खाता में ददन यादव द्वारा राशि ट्रांजेक्शन के सबूत भी दिए। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग सख्त हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी बीडीसी सदस्यों को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया वहीं बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल को इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि सही जबाव नहीं देने तथा आरोपो की पुष्टि होने पर पंचायत समिति सदस्यों की सदस्यता भी समाप्त हो सकती है। राज्य निर्वाचन आयोग के संज्ञान लेने के बाद बीडीसी सदस्यों में सदस्यता जाने का भय बना हुआ है। वही प्रमुख प्रतिनिधि दुर्गाचरण मिश्र ने कहा कि उनके पास सदस्यों को अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए रूपया देने के पर्याप्त साक्ष्य मौजूद है। अब देखना है कि राज्य निर्वाचन आयोग के हस्तक्षेप के बाद जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता है। वैसे बता दें कि अभी तक इस मामले में ब्रह्मपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन, लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की दी गई सीख

# ट्रैफिक नियमों के पालन से ही सड़क दुर्घटनाएं हो सकती है कम: सागर

- नेहरू युवा केंद्र के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा सप्ताह का किया गया शुभारंभ

**केटी न्यूज/बक्सर**




परिवहन निमयों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो जाती है। वाहन चलाते समय हमें हमेशा परिवहन नियमों का पालन करना चाहिए। उक्त बातें नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी सागर महेश्वरी ने शनिवार को कही। अवसर था नेहरू युवा केन्द्र व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किए गए सड़क सुरक्षा सप्ताह के उद्घाटनक का। यह सड़क सुरक्षा सप्ताह 13 से 17 जनवरी तक आयोजित किया गया है। इसके पहले बक्सर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी व यातायात प्रभारी विष्णु देव कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी भी दी गई तथा ट्रैफिक व परिवहन नियमों का पालन करने की अपील की गई। यातायात प्रभारी ने कहा कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन कर हम सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति बचाव कर सकते है। उन्होंने कहा कि अधिकांश दुर्घटनाएं नियमों का पालन नहीं करने से होती है। उन्होंने बाइक चालकों से हमेशा हेलमेट पहन बाइक चलाने की अपील की। वही वाहन चालकों को भी परिवहन व ट्रैफिक नियमों के प्रति संजीदा रहने की सीख दी। इस कार्य के लिए रोहित कुमार, अंश कुमार राय, रौशन कुमार, प्रकाश कुमार तथा बजरंगी कुमार बक्सर को यातायात प्रभारी द्वारा मॉडल थाना स्थित पोस्ट पर यातायात नियमों संबंधित मुख्य बिंदुओं की जानकारी देते हुए उन्हें कर्तव्य निर्वहन के लिए मुनीम चौक से लेकर पुरानी पुलिस थाना तक का देखभाल करने की जिम्मेवारी सौपी गई।






# रामनगर के आटा और बेसन से तैयार होगा भगवान राम का भोग

♦ मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने आटा और बेसन वाले ट्रक को किया रवाना

**केटी न्यूज/ चंदौली**

अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रामनगर इंडस्ट्रियल एरिया में तैयार आटा और बेसन से बने पकवान का भोग लगेगा। इसके लिए रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन फेज वन से जुड़े उद्यमियों और रोलर फ्लोर मिल्स एसोसिएशन की ओर से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के लिए एक लाख 11 किलो आटा और 20 हजार किलो बेसन भेजा है। शनिवार को रामनगर औद्योगिक क्षेत्र फेज वन से आटा और बेसन लदे ट्रक को मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना किया। अयोध्या में भगवान राम मंदिर निर्माण के बाद 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसको लेकर पूरे देश में उत्साह है। वहीं हर कोई वहां पहुंचना चाहता है वहीं अपना योगदान देना चाहता है। इसी कड़ी में राम नगर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भोग के पकवान तैयार करने के लिए आटा और बेसन देने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में



एक लाख 11 किलो आटा और बीस हजार बेसन ट्रकों में भरकर अयोध्या भेजा है। आटा बेसन रवानगी के दौरान कैबिनेट मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि हमारे आराध्य भगवान श्रीराम जी अपने घर मे 22 की पावन तिथि को प्रवेश करेंगे। हम सब उस अपने घरों के आस पास मंदिर में पूजन एवं कीर्तन करे, घरों पर दीपक जलाकर दीपोत्सव का हम सब उत्सव मनाएं। वहीं एआईआईए के उपाध्यक्ष उद्यमी आरके चौधरी ने कहा कि हम सबको जिसकी घड़ी का इंतजार था, वह घड़ी आ गई है। हम लोगों का सपने साकार हो रहा है। निश्चित वह दिन हमारे लिए उत्सव का दिन है। उन्होंने कहा कि भगवान की नगर में रामनगर के भोग की भी चर्चा रहेगी। यह उत्साव व विश्वास का समय है। हमलोग उस कालखंड के गवाह बन रहे है जब भगवान की जन्मस्थली में उनका भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। जिसमें हमलोगों की भी सहभागीता है। संयुक्त आयुक्त उद्योग उमेश सिंह ने कहा कि रामनगर इंडस्ट्रीयल एसोशिएशन के लोगों ने अयोध्या धाम के लिए आटा और बेसन की गाड़ियां भेजी है। यह अति प्रशंसनीय है। रामनगर इंडस्ट्रियल एसोशिएशन के अध्यक्ष डीएस मिश्रा ने कहा कि यह हमारे औद्योगिक क्षेत्र के लिए बेहद खुशी का दिन है कि इस महान कार्य के लिए हम जैसे गिलहरी को भी भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भागीदारी का मौका मिला है। इस अवसर पर दीपक बजाज, रतन सिंह, नरेंद्र सिंह, एएन तिवारी, संजय झुनझुनवाला, सुनील अग्रवाल, राकेश जायसवाल, सुरेश पटेल, भूपेंद्र अग्रवाल, निखिल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बने अविनाश

**चंदौली।** देश में लोकसभा चुनाव बहुत जल्द होने वाले हैं इसी को ध्यान में रखते हुए तमाम राजनैतिक दलों ने कमर कस ली है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने तैयारियां जोरों पर शुरू कर दी हैं और आवश्यक संगठनात्मक परिवर्तन भी कर रही है। इसी क्रम में चंदौली में कांग्रेस की युवा विंग की कमान अविनाश विश्वकर्मा को सौंपी गई है जिसके बाद से ही युवा कांग्रेसियों का उत्साह और मनोबल बढ़ा हुआ दिख रहा है। सक्रिय युवा कार्यकर्ता अविनाश विश्वकर्मा को जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया। अविनाश के जिलाध्यक्ष बनने के साथ ही उनके पैतृक गांव पर क्षेत्रीय लोगों और कांग्रेसी कार्यकताओं के पहुंच कर बधाई देने का इस अवसर पर स्वागत करने वालों में, बिरेंद्र चौहान, अनिल चौहान, मोनू विश्वकर्मा, रूपेश पांडेय, सागर विश्वकर्मा, अजित सोनी, मोहन राजभर, अरविंद कुमार, कल्लू, सोनू, चंदन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### फर्जी प्रमाणपत्र के सहारे नौकरी, मुकदमा दर्ज

**बलिया।** फर्जी शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के सहारे बेसिक शिक्षा विभाग में अनुदेशक पद पर नौकरी हथियाने का मामला सामने आया है। प्रकरण में खंड शिक्षा अधिकारी गड़वार हिमांशु मिश्रा ने अनुदेशक (कंप्यूटर) के पद कार्यरत अरविंद कुमार यादव (निवासी पिपराकलां पचखोरा, बलिया) के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। शिक्षा क्षेत्र गड़वार के उच्च प्राथमिक विद्यालय चांदपुर पर अनुदेशक (कंप्यूटर) के पद पर अरविंद कुमार यादव की तैनाती 31 अगस्त 2015 से थी। अनुदेशक अरविंद कुमार यादव ने 20 जून 2020 को त्याग पत्र भी दे दिया था। मामले में बछईपुर हसनपुरा निवासी जय करण यादव की शिकायत पर तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उसके प्रमाण पत्रों की जांच कराई गयी थी, तो हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के शैक्षिक अभिलेख फर्जी मिले थे। सच्चाई सामने आने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने अरविंद यादव के खिलाफ तथ्यों को छिपाकर गलत तरीके से नौकरी प्राप्त करने की तहरीर थाने पर दी थी, जिसके आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### अनुदेशक के खिलाफ मानदेय रिकवरी की कार्रवाई

**बलिया।** फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी करने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय चांदपुर के अनुदेशक के खिलाफ बीएसए ने शनिवार की दोपहर मानदेय रिकवरी की कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि शिक्षा क्षेत्र गड़वार के उच्च प्राथमिक विद्यालय चांदपुर पर अनुदेशक के पद पर अरविंद कुमार यादव की तैनाती 31 अगस्त 2015 से थी। अनुदेशक अरविंद कुमार यादव ने 20 जून 2020 को त्याग पत्र भी दे दिया था। मामले में बछईपुर हसनपुरा निवासी जय करण यादव की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उसके प्रमाण पत्रों की जांच कराई गयी थी तो हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के शैक्षिक अभिलेख फर्जी मिले थे। इसके बाद शिक्षा अधिकारी ने अरविंद यादव के खिलाफ कारवाई शुरू कर दी।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

# भव्य तरीके से सजे सभी मंदिर : डीएम

♦ जिलाधिकारी ने किया प्रमुख मंदिरों को सजाने का अनुरोध

**केटी न्यूज/ बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी राम मंदिर, हनुमान मंदिर और वाल्मीकि मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों के महामंत्रियों, अध्यक्षों, पुजारियों, महंतों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने, साफ सफाई और मंदिरों को सजाने संबंधित विषय पर बैठक आयोजित की गई।



जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की छवि पूरे विश्व में उजागर होगी। उन्होंने कहा कि बलिया में भी इस प्रकार का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाए, जिससे दूसरे प्रदेश से आने वालों को जनपद में उसकी झलक दिखे। कहा कि 14 जनवरी से सरकारी कार्यालयों एवं मंदिरों में साफ सफाई का कार्यक्रम शुरू होगा और 16 से 22 जनवरी तक जनपद के सभी मंदिरों को सजा कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिलाधिकारी ने सभी मंदिरों के पुजारियों से अनुरोध किया कि आप लोग 16 जनवरी से ही मंदिरों के आसपास की सफाई और उसके सजाने का काम शुरू कर दें। उन्होंने भृगुबालेश्वर और हनुमानगढ़ी मंदिर और मंदिर क्षेत्र को बढ़िया तरीके से सजाया जाए। 22 जनवरी को हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर से अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए पुजारियों से मंदिर और आसपास के इलाकों की साफ सफाई कर सजाने का अनुरोध किया। कहा कि इस महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों की जनसहभागिता बहुत महत्वपूर्ण है। पुजारियों के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बलिया आत्रेय मिश्र को निर्देश दिया कि शहर के प्रत्येक मंदिरों के बाहर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने और सुबह शाम सफाईकर्मियों की तैनाती कर साफ सफाई बेहतर करने के निर्देश दिए।

## चंदौली जनपद मुख्यालय पर तीन दिनी मकर संक्रांति मेले का आगाज

♦ स्ट्रीट वेंडरों को डिजिटल लेन देन के लिए किया गया प्रोत्साहित

**केटी न्यूज/ चंदौली**

प्रदेश सरकार एवं सूडा के निर्देश के क्रम में शनिवार को चंदौली जनपद मुख्यालय पर तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला का शुभारंभ हुआ। उक्त मेले का आयोजन नगर पंचायत चंदौली और जिला नगरीय विकास अभिकरण के द्वारा कराया गया। मेले का शुभारम्भ नगर अध्यक्ष सुनील कुमार यादव गुड्डू द्वारा जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। इस दौरान चेयरमैन सुनील यादव गुड्डू ने बताया कि उक्त मेले का उद्देश्य जन समुदाय को इस पर्व के अवसर पर एक स्थल पर त्यौहार से सम्बन्धित खरीदारी और मनोरंजन के साथ साथ पीएम स्वनिधि योजना का लाभ उठाने के लिए बैंकों और अन्य विभागों का सहयोग प्रदान करना है। मेले में बैंकों और अन्य विभागों के साथ साथ जन समुदाय और स्ट्रीट वेंडरों को डिजिटल लेनदेन के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही जरूरत के अनुसार क्यू आर कोड भी उपलब्ध कराये गए। उक्त मेले में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित महिला बचत समूहों के साथ ही अलीशा और उत्थान क्षेत्र स्तरीय समितियों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इन समूहों ने अपने अपने स्टाल पर विभिन्न उत्पादों की बिक्री के साथ ही अन्य लोंगों को बचत समूह के गठन के फायदे भी बताये। मेले के आयोजन में अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार, इकबाल अहमद, मनोज कुमार, गजेन्द्र सिंह के साथ ही स्थानीय सभासद शीला देवी, पूर्व सभासद और समूह संघ अध्यक्ष अर्चना देवी, शीला गुप्ता, ज्योति देवी एवं डूडा के शहर मिशन प्रबन्धक राजेश राय, डीएन प्रसाद और सामुदायिक आयोजक मोहनीश कुमार और रितेश सिंह ने सक्रिय सहयोग उपलब्ध कराया।

## लोक अदालत में चेक बाउंस से जुड़े मामलों का होगा निस्तारण

**केटी न्यूज/ मऊ**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला जज रामेश्वर के कुशल मार्गदर्शन और प्राधिकरण सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिनय कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में 22, 23 व 24 जनवरी 2024 को चैक बाउंस से सम्बन्धित मामलों में अधिकाधिक निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्राधिकरण सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिनय कुमार मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशों के तहत जनपद न्यायालय मऊ में चैक बाउंस से सम्बन्धित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण हेतु दिनांक 22, 23 व 24 जनवरी 2024 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बताया कि चैक बाउंस से सम्बन्धित मामले न्यायालयों में विचाराधीन है, जो मजिस्ट्रेट न्यायालयों में लंबित है। जिस हेतु विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु तीन पीठों का गठन किया गया है। पीठ में एक वरिष्ठ मजिस्ट्रेट के साथ कनिष्ठ मजिस्ट्रेट हैं तथा प्री-ट्रायल बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि चैक बाउंस से सम्बन्धित मामलों में अधिक से अधिक निस्तारण हो सके तथा यह भी अवगत कराया कि उपरोक्त चैक बाउंस से सम्बन्धित विशेष लोक अदालत न्यायालय कार्य दिवस में ही न्यायालय कार्य समाप्ति के उपरान्त ही आयोजित की जायेगी। आगामी विशेष लोक अदालत दिनांक 22, 23 व 24 जनवरी 2024 को अपने मामले को सुलह समझौते के आधार पर समाप्त करा सकते हैं। प्राधिकरण के सचिव द्वारा जनपद मऊ के वादकारियों से अपील की गयी है कि वे चैक बाउंस से सम्बन्धित मामलों को उक्त विशेष लोक अदालत में सम्बन्धित न्यायालय में उपस्थित होकर आपसी सुलह के आधार पर निस्तारित करा सकते हैं।

## अभ्युत्थान्म 2024 के तहत कैलाश मानसरोवर होगा मुक्त : पवन सिंह

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

भारत तिब्बत समन्वय संघ के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर चीन में बनी वस्तुओं का बहिष्कार, स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग, तिब्बत की स्वतंत्रता तथा कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए लोक जागरण को लेकर प्रकाश नगर भुतहियाटाड़ स्थित एक होटल में अभ्युत्थान्म 2024 कार्यक्रम का आयोजन देर शाम को सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वामी बालक दास महाराज (पातालपुरी पीठाधीश्वर काशी) ने कहा कि भारत तिब्बत समन्वय संघ का यह कार्यक्रम अभ्युत्थान्म 2024 देश के लिए नई ऊर्जा लाएगा। कहा कि तिब्बत भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है तथा तिब्बत के लोग भी चाहते हैं कि हम भारत से जुड़कर रहे। कहा कि जितनी एकता दुर्जनों में है, उतनी एकता जिस दिन सज्जनों में आ गई उस दिन देश को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। महाराज ने




कहा कि हमें एक होने की आवश्यकता है। तभी हम भारत तिब्बत समन्वय संघ के संकल्प अभ्युत्थान्म 2024 को पूर्ण कर पाएंगे। राष्ट्रीय सह संयोजक पवन कुमार सिंह ने कहा कि पुरे वर्ष 100 हर जगहो पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

वर्ष पर्यंत भारत तिब्बत सम्मेलन संघ के कार्यक्रम और जागरण चलते रहते हैं। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर की मुक्ति और तिब्बत की स्वतंत्रता जब तक हम प्राप्त नहीं कर लेंगे तब तक हमारे कदम रुकने वाले नहीं है। भारतीय सनातन युवाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ने पर बल कार्यक्रम के संयोजक मानवेंद्र सिंह मानव ने कहा कि यह गाजीपुर का सौभाग्य है कि अभ्युत्थान्म -2024 का कार्यक्रम जो पूरे देश में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से पूरे भारतवर्ष में सनातनी भारतीयों खासकर युवाओं को अभियान से जोड़कर चीन द्वारा तिब्बत सीमा पर अधिपत्य जमाने और आंखें दिखाने को भारत और तिब्बत एक होकर चीन का आर्थिक सामाजिक वैश्विक पटल पर विरोध में सभी के सहयोग की अपील की गई।

## गांवों की बेहतरी के बिना विकसित भारत की कामना नहीं की जा सकती, आज भी 60 फीसदी से अधिक लोग रहते हैं गांव में

# हरिवंशजी ने कहा... ग्रामीण पत्रकार कोऑपरेटिव पत्रकारिता पर दें ध्यान

**केटी न्यूज/ बलिया**

वर्तमान परिवेश में ग्रामीण पत्रकारिता से जुड़े लोग आज समस्याओं से जंग लड़ रहे हैं। जबकि मीडिया घराने अपने हिसाब से कार्य करा रहे हैं। उनके खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं करके मैं ग्रामीण पत्रकारों से अपील करता हूं कि वे कोआपरेटिव पत्रकारिता पर ध्यान दें। उक्त बातें राज्य सभा के उप सभापति हरिवंशजी ने शनिवार को नगर के टाउन हॉल में आयोजित प्रगतिशील ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए



कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकार अपने बेहतरी के लिए सोचते जरूर है। लेकिन उनमें आपसी सामंजस्य और कोआपरेशन न होने के चलते उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान परिवेश में ग्रामीण पत्रकारों को जरुरत इस बात की है कि वे एक-दूसरे के सहयोग के लिए कोआपरेटिव सोच के साथ कार्य करें। इस मौके पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने भी ग्रामीण पत्रकारों की बेहतरी के लिए चर्चा किया। कहा कि गांवों की बेहतरी के बिना विकसित भारत का कामना नहीं की जा सकती है। हमारे देश भले ही शहरों के बल पर विकास की बात सोचता है। लेकिन सच्चाई यह है कि आज भी 60 फीसदी से अधिक लोग गांव में रहते हैं। ऐसे में ग्रामीण पत्रकारों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इस मौके पर सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार ही अथक प्रयास से समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करते हैं। जिसकी बदौलत हम लोग आज सुंदर भारत का सपना देख रहे हैं। इस मौके पर अध्यक्षता कर रहे जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्ता ने भी ग्रामीण पत्रकारिता के गुण रहस्यों पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता के स्तर में भले ही गिरावट आई है। इस पर वर्तमान सरकारों को भी ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर डा. गणेश कुमार पाठक, प्रोफेसर सानंद कुमार सिंह, राजधारी सिंह, भगवान पाठक, संजय यादव, शमीम खान, शशिकांत मिश्र, सिंधु तिवारी ,दिग्विजय सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### मां मैत्रायणी योगिनी महानिर्वाण दिवस मनाया गया

**चंदौली।** पूज्य मां श्रीसर्वेश्वरी सेवा संघ जलीलपुर गंगातट पड़ाव आश्रम में शनिवार को परमपूज्य अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी की माता जी जगतजननी पूज्य मां मैत्रायणी योगिनीजी का 31 वां महा निर्वाण दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भंडारे का आयोजन मुख्य रहा। पूज्य गुरुदेव बाबा अनिलराम के सानिध्य में भजन कीर्तन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ आर केसिंह, डॉ राजेश चौहान, शिवप्रताप सिंह, आनंद भैरव, सुनीता चौहान बेबी,आशा दुबे एवं अघोरेश्वर गुरुकुल के बच्चे व शिक्षक गण उपस्थित थे।

### 200 गरीबों को किया कंबल वितरण



**चंदौली।** अभिषेक सेवा ट्रस्ट की ओर से ग्राम पंचायत नरैना में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जहां ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने 200 गरीबों को कंबल देकर उन्हें ठंड से बचने की सलाह दी। इस दौरान डॉक्टर संजय यादव ने कहा कि ठंड के मौसम में समाज के सभी लोगों को गरीबों की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। कंबल वितरण पुनीत कार है ठंड के मौसम में गरीबो को कंबल से थोड़ी बात मिल जाती हैं। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सभी को आज आगे आने की जरूरत है और गरीबों की मदद करने के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए ताकि गरीबों की दुआ हमेशा उनके तरक्की में सहयोग करें। इस दौरान मृत्युंजय कुमार, सुनील कुमार तमाम लोग उपस्थित रहे।

### विकास मंच के आंदोलन को किसान यूनियन का समर्थन

**चंदौली।** धानापुर शहीद स्मारक पर 14 जनवरी को प्रस्तावित धानापुर विकास मंच के आंदोलन को भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन ने अपना समर्थन दिया है। जिलाध्यक्ष शेषनाथ यादव ने शनिवार को समर्थन पत्र जारी करते हुए धरने में भागीदारी की बात कही। उन्होंने कहा कि धानापुर के किसानों व मजदूरों के साथ ही किसान संगठन का आह्वान किया कि वे नगवा-चोचकपुर में पक्का पुल निर्माण व धानापुर को तहसील बनाने को एकजुट हो और आगे आएं। क्योंकि इन मुद्दों पर धानापुर की जनता के साथ झूठा वाद किया गया। अब सरकार वउनके जनप्रतिनिधियों द्वारा वादा खिलाफी की जा रही है। इस संबंध में हम सभी को धानापुर में 14 जनवरी को होने वाले धानापुर विकास मंच के धरने का समर्थन करते हैं। आह्वान किया कि अधिक से अधिक स्थानीय किसान, नौजवान, व्यापारी व आमजन इस धरने में शामिल होकर इसे सफल बनाएं।

### साइबर सेल ने पीड़ित को वापस दिलाया ठगी का रुपया

**चंदौली।** जनपद की साइबर सेल यूनिट ने साइबर ठगी के शिकार कुणाल गुप्ता से ठगी किए गए रुपयों को वापस दिलाया है। मामले की जानकारी देते पुलिस ने बताया कि बीते वर्ष छह सितंबर को मुगलसराय के रविनगर निवासी कुणाल गुप्ता के फोन पर फ्लिपकार्ट कस्टमर केयर के नाम से काल आया, जिसके बाद एनी डेस्क ऐप डाउनलोड कराकर कुल 15855 का फ्रॉड कर लिया गया था। जिसके संबंध में वादी कुणाल गुप्ता द्वारा फ्रॉड होने के संबंध में साइबर सेल जनपद चंदौली को प्रार्थना पत्र के जरिए जानकारी दी गई। इसके बाद एसपी डा. अनिल कुमार के निर्देश पर साइबर सेल की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाहीकरते हुए पीड़ित कुणाल गुप्ता को 15855 रुपये वापस दिलाया। साइबर ठगों द्वारा खाते से निकाले गए पैसे वापस पाकर पीड़ित कुणाल गुप्ता खुशी से खिल उठे।

### भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**चंदौली।** सूबे अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में आमजन से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को श्रीराम मंदिर उद्घाटन अवसर पर देश-विदेश के अतिथि, संतगण व लोग सम्मिलित हो रहे है, जिससे अयोध्या में भीड़ होने की संभावना है। इसलिए सुरक्षा के दृष्टिगत यह अपील की जाती है कि राम मंदिर को लेकर देश भर में काफी हर्षोल्लास है। इस उत्साह में किसी धर्म-सम्प्रदाय के विरूद्ध अनावश्यक टिप्पणी करने से बचे। एक छोटी सी गलती से माहौल खराब हो सकता है। आप सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों पर 15 से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान भी चलाएं।




